-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत शहर क्षेत्र बांदा में संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया अभियान 'ऑपरेशन खोज' ।**

विवरण- आज दिनांक 28.02.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, साथी यू0पी0 संस्था एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान बांदा की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र मे स्थित आश्रय गृह की चैकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कमरे, आगुंतक रजिस्टर आदि को देखा गया तत्पश्चात होटल, दुकानों एवं मेला ग्राउंड पर संचालित जैमिनी सर्कस आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों को मानव तस्करी, बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 112, 1098, 1090 आदि के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह न करने एवं गांव/मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी। दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्ति/दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान थाना AHTU प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार, उ0नि0 श्री अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, शाखा SJPU प्रभारी निरीक्षक श्री अखिलेश प्रताप सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से शिवसम्पत यादव, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान से शिवम यादव, स्वावलंबन समिति संस्था से ममता देवी एवं साथी यू.पी. संस्था से प्रमोद तिवारी, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।